हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 24 सितंबर 2025

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा


तापमान

अधिकतम 30.2 डिग्री

न्यूनतम 20.2 डिग्री


जिंदगी में हार-जीत से ज्यादा महत्वपूर्ण है अपनी पूरी क्षमता से खेलनाः ओपी

4




## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना मामले में 25 हजार स्वीकृत

**जशपुरनगर।** एसडीएम पत्थलगांव ने सड़क दुर्घटना के एक मामले में प्रभावित परिजन हेतु 25 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत पत्थलगांव तहसील के ग्राम पण्डरीपानी निवासी श्रीनाथ पैंकरा की सड़क दुर्घटना में 5 जून 2024 अक्टूबर 2024 को मृत्यु हो जाने से मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पत्नी परमिला पैंकरा हेतु 25 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### जिले में 1 जून से अब तक 10291.6 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में 1 जून से अब तक 10291.6 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 23 सितम्बर तक की स्थिति में 10149.1 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 28.8 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 1186.8 मिमी, मनोरा में 1288.3 मिमी, कुनकुरी में 1461.4 मिमी, दुलदुला में 628.9 मिमी, फरसाबहार में 781.4 मिमी, बगीचा में 1124.0 मिमी, कांसाबेल में 955.8 मिमी, पत्थलगांव में 924.4 मिमी, सन्ना में 1206.3 मिमी एवं बागबहार में 734.3 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी में दर्ज की गई है।

### प्राकृतिक आपदाः परिजन के लिए 4 लाख स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। कुनकुरी तहसील अंतर्गत ग्राम कुंजारा, निवासी स्व. नरेन्द्र कुमार नाग का कुआं के पानी में डूबने से 06 दिसम्बर 2023 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पिता देवधर राम हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट हेतु शिविर कल से

**जशपुरनगर।** सर्वाच्च न्यायालय के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत समस्त श्रेणी के मोटर वाहनों पर एचएसआरपी (हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट) लगवाया जाना अनिवार्य किया गया है। इस संबंध में जशपुर जिले में एचएसआरपी नंबर प्लेट हेतु शिविर 25 सितम्बर से 24 अक्टूबर 2025 तक विभिन्न स्थलों पर किया गया है। इनमें 25 से 27 सितम्बर 2025 तक जनपद पंचायत भवन कुनकुरी, 29, 30 सितम्बर एवं 01 अक्टूबर 2025 तक जनपद पंचायत भवन मनोरा, 03,04 एवं 06 अक्टूबर 2025 तक जनपद पंचायत भवन कांसाबेल, 07 से 09 अक्टूबर तक नगर पंचायत कोतबा, 10, 11 एवं 13 अक्टूबर तक जनपद पंचायत पत्थलगांव, 14 से 16 अक्टूबर तक जनपद पंचायत भवन फरसाबहार, 17 से 18 अक्टूबर तक जनपद पंचायत सन्ना तथा 22 से 24 अक्टूबर तक जनपद पंचायत भवन बगीचा में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### मनोरा के आवास मित्र का चयन निरस्त

**जशपुरनगर।** मनोरा जनपद पंचायत के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में कार्यरत पोड़ी पटकोना कलस्टर के आवास मित्र हीरालाल राम का आवास मित्र के पद से चयन निरस्त किया गया। जनपद पंचायत मनोरा द्वारा जारी आदेशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवास प्रगति हेतु हीरालाल राम का चयन आवास मित्र के रूप में किया गया था। किन्तु उनके द्वारा न तो समय पर आवास निरीक्षण किया जा रहा है, न आवास का जीईओ टैग किया जा रहा। जनपद स्तर पर आयोजित बैठक में उनके गतिविधियों को असंतोषजनक पाया गया, पंचायत द्वारा स्पष्ट किया गया कि श्री हीरालाल की निष्क्रियता के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना के सुचारू क्रियान्वयन में बाधा उत्पन्न हो रही थी साथ ही उन्हें कारण बताओ नोटिस भी भेजा गया था जिसका कोई जवाब नहीं दिया गया।

## सीएम ने लोखंडी व रेंगले में महतारी सदन का किया वर्चुअली लोकार्पण

कार्यक्रम में विधायक रायमुनी भगत हुई शामिल





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने धमतरी जिले के ग्राम करेलीबड़ी से छत्तीसगढ़ के 51 महतारी सदन भवनों का वर्चुअली लोकार्पण किया। इनमें जशपुर जिले के लोखंडी एवं रेंगले ग्राम पंचायतों में निर्मित महतारी सदन भी शामिल हैं।

बगीचा विकासखंड के रेंगले में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने महतारी सदन का प्रतीकात्मक लोकार्पण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर जीवन ज्योति समूह रेंगले की सदस्य उमा यादव को वर्चुअली माध्यम से मुख्यमंत्री से बातचीत करने का अवसर मिला। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया और कहा कि पहले समूह की बैठकें पेड़ के नीचे या किसी के घर पर होती थीं, जिससे बारिश और गर्मी के मौसम में दिक्कत होती थी। अब महतारी सदन बनने से महिलाएं सामाजिक एवं सांस्कृतिक बैठकें आसानी से कर पाएंगी। इससे आपसी सौहार्द भी मजबूत होगा। इस अवसर पर विधायक रायमुनी भगत ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है।

महतारी सदन से महिलाओं को न सिर्फ सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए मंच मिलेगा, बल्कि वे अपनी आर्थिक गतिविधियों को भी संगठित रूप से आगे बढ़ा सकेंगी। इस अवसर पर बगीचा जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्यगण, अधिकारी–कर्मचारी सहित लगभग 400 बिहान की दीदियां उपस्थित रहीं।

### विधायक समेत ग्रामीणों ने कुर्रोग में किया ग्राम भ्रमण



ग्रामों के समग्र विकास के लिए आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिले के सभी ग्रामों में ग्राम भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत मंगलवार को बगीचा विकासखण्ड के ग्राम कुर्रोग में आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत ग्राम भ्रमण कार्यक्रम में सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक पत्थलगांव गोमती साय भी शामिल हुईं।

■ विधायक ने ग्रामीणों से मिलकर बनाई ग्राम विकास की समग्र योजना

इस अवसर पर उनके साथ सरपंच कुर्रोग लकूराम, जनप्रतिनिधि दीपक नागेश, बीएमटी एलएस केरकेट्टा, सचिव अनूप साय, रोजगार सहायक गणेश यादव समेत आदि सहयोगियों एवं ग्रामीणों ने भ्रमण में हिस्सा लिया। इस दौरान सभी ने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनके मन की बात जानी, उनके गांव को उनके सपनों सा विकसित ग्राम बनाने के लिए ग्रामीणों से उनके सुझाव जाने। उन्होंने ग्राम के विकास के लिए नक्शा निर्माण के संबंध में जानकारी लेते हुए नक्शे को भविष्य की जरूरतों के अनुसार तैयार करने और सभी सुविधाओं को ⏭ शेष पेज 4 पर



### कृषि अधिकारियों का चरणबद्ध आंदोलन, सीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी और कृषि विकास अधिकारी अपनी लंबित मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन कर रहे हैं।

■ लंबित मांगों के समर्थन में जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन और रैली निकाले

प्रांतीय आह्वान पर अधिकारियों ने 8 और 9 सितंबर को काली पट्टी लगाकर काम किया। इसके बाद 15 सितंबर को बिना संसाधन भत्ता के ऑनलाइन कार्य बंद कर कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया था। हालांकि, शासन की ओर से अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। अब आंदोलन के तीसरे चरण में 23 सितंबर मंगलवार को जशपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ के अधिकारी एक दिन का अवकाश लेकर जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन और रैली आयोजित की। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा। अधिकारियों की कुल नौ सूत्रीय मांग है शामिल ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी और कृषि विकास अधिकारियों के प्रमुख मांगों में वेतनमान में संशोधन, मासिक स्थायी भत्ता बढ़ाने की मांग, संसाधन भत्ता उपलब्ध कराना, अतिरिक्त प्रभार का मानदेय,पदनाम में संशोधन, कई वर्षों से लंबित पदोन्नति प्रक्रिया को शीघ्र शुरू करना शामिल है। संघ का कहना है कि ये मांगें केवल कर्मचारियों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि कृषक हित से भी सीधे जुड़ी हुई हैं। अधिकारी चेतावनी देते हैं कि अगर शासन जल्द समाधान नहीं करता, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## कछार के शिवशक्ति मन्दिर में नवरात्र पर्व की धूम





हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

नगर से 9 किलोमीटर की दूरी में स्थित ग्राम कछार शिव शक्ति मन्दिर में नवरात्र का पर्व धूमधाम से मनाय जा रहा है। प्रति वर्ष की तरह ही इस वर्ष भी शिव शक्ति मन्दिर आसपास के गांव सहित दूर-दूर से माता रानी के दर्शन करने भक्त पहुंच रहे हैं। पूरे मन्दिर परिसर को जगमगाती लाइट से सजाया गया है जो देखते बन रहा है।

कछार मन्दिर समिति के ऋषि बेहरा ने बताया कि मन्दिर में भक्तों की लगातार बढ़ती भीड़ से ये अंदाजा लगाया जा सकता है कि मां की महिमा कितनी अपार है। यहीं पर मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की गई है। जो भक्तों ने अपने लिए परिवार की सुख शान्ति और सफलता के लिए करवाया है। मान्यता है कि कछार मन्दिर में माता रानी से मांगी हर मुराद माता रानी अवश्य पूरा करती है। मंदिर समिति के पप्पू यादव ने बताया कि रात्रि आरती में भक्तों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। आरती पश्चात माता की रसोई का प्रसाद सभी भक्तों को दिया जाता है। रोजाना माता की रसोई का प्रसाद ग्रहण करने आसपास के गांव सहित दूर दूर से माता की भक्ति में डूबे भक्त रोजाना मन्दिर पहुंचकर माता रानी से आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। बनारस से मन्दिर में पूजन करने आए आचार्य चन्द्रेश्वर मिश्रा ने बताया कि इस नवरात्रि में माता रानी का आगमन हाथी पर हुआ है। माता कि कृपा जिसके उपर हो जाये उसका जीवन सार्थक बन जाता है।

### बच्चों ने किया जिला संग्रहालय का शैक्षणिक भ्रमण

**जशपुरनगर।** पीएम श्री सेजेस, मनोरा के विद्यार्थियों ने आज जिला संग्रहालय, जशपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान बच्चों ने संग्रहालय में संरक्षित पुरातात्विक एवं जनजातीय सामग्रियो का गहन अवलोकन किया।



भ्रमण के समय संग्रहालय में उपस्थित डॉ विजय रक्षित, इतिहासकार एवं पुरातत्ववेत्ता विद्यार्थियों को प्राचीन मूर्तियों, शिलालेखों, पारंपरिक औज़ारों, आभूषणों तथा जनजातीय जीवन से जुड़ी विविध सामग्री के बारे में जानकारी दी।साथ ही किसी भी वस्तुओं का विकास के क्रम को बहुत ही सरल भाषा में बच्चों को बताएं। विशेष रूप से छात्र व छात्राओं ने उत्सुकता से सिक्के, पाषाण काल के टूल्स, जनजातीय आभूषण को देखा।बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। इसके पश्चात छात्र व छात्राओं का यह दल जशपुर के इतिहास को जानने के लिए आराम निवास का भी भ्रमण एवं अवलोकन किया। यहां पर भी डॉ विजय रक्षित ने जशपुर के गौरवशाली इतिहास की जानकारी दी।विद्यालय के प्राचार्य संशोधन मिंज ने बताया कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों में इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व के प्रति जिज्ञासा बढ़ती है और उन्हें व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होता है। छात्रों ने अपने अनुभव सजा कर बताया कि शैक्षणिक भ्रमण से ज्ञान और अनुभव का लाभ होता है शैक्षणिक भ्रमण के अवसर पर सत्यम माझी, मनीष कुंज, अमरेंद्र बरियार, हेमा त्रिपाठी, स्मिता अम्बष्ट तथा आशुतोष शर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## युवती से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

थाना तुमला क्षेत्र में एक 19 वर्षीय युवती से दुष्कर्म करने और उसके परिवार की फोटो सोशल मीडिया पर डालकर अश्लील कमेंट्स करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता वर्ष 2023 में वह अपनी मां के साथ थाना तुमला क्षेत्र के एक ग्राम के मेला में चूड़ी बेचने गई थी। इसी दौरान ओडिशा निवासी सुनील रोहिदास 24 वर्ष उसके दुकान पर आया और चूड़ी देखने के बहाने उसका मोबाइल नंबर मांग लिया। कुछ समय बाद दोनों के बीच फोन पर बातचीत शुरू हुई। आरोपी ने युवती से प्रेम का झांसा देकर शादी का प्रस्ताव दिया। इसके कुछ महीनों बाद, 10 दिसंबर 2024 को दशहरा नाटक के दौरान आरोपी ने युवती को मेला स्थल के पास स्थित सूनसान खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया। इसके बाद भी आरोपी द्वारा समय-समय पर युवती से दुष्कर्म किया जाता रहा।



#### चाबी व मोबाइल छीनकर भागा

किसी बात पर विवाद होने के बाद युवती और आरोपी के बीच बातचीत बंद हो गई। इसके बावजूद दिनांक 10 सितंबर 2025 को आरोपी ने युवती को मिलने बुलाया। जब युवती अपने पिता की लूना लेकर मिली, तो दोनों के बीच वाद-विवाद हुआ। आरोपी ने मारपीट करते हुए युवती की गाड़ी तोड़ दी और उसे जमीन पर पटक दिया। इसके बाद आरोपी ने गाड़ी की चाबी और युवती का मोबाइल फोन लूट लिया।

#### युवती एवं परिवार पर अश्लील कमेंट्स

आरोपी ने उसी मोबाइल से युवती की फेसबुक आईडी का उपयोग करते हुए युवती और उसके परिवार की फोटो डालकर अश्लील कमेंट्स कर दिए, जिससे युवती और उसके परिवार को अपमान और मानसिक आघात हुआ। जिसकी रिपोर्ट तुलना पुलिस को की गई। पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना तुमला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भादवि की धारा 363, 366(क), 376(2)(एन), 427, 394, आईटी एक्ट की धारा 67, 67(ए)(बी) और पॉक्सो एक्ट की धारा 5, 6 के तहत अपराध दर्ज कर त्वरित जांच शुरू की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में पुलिस टीम ने आरोपी को उसके गृहग्राम ओडिशा से हिरासत में लेकर जशपुर लाया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार किया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। उसके कब्जे से मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है।

### फतेपुर में आदि सेवा केंद्र का शुभारंभ

**जशपुरनगर।** आदि कर्मयोगी अभियान"के अंतर्गत जशपुर जिले के फतेपुर में एक नये आदि सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति रही। यह केंद्र आदिवासी समाज के सर्वांगीण विकास, सामाजिक उत्थान तथा विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का प्रमुख माध्यम बनेगा। जशपुर जिले में अब तक 417 गांव में आदि सेवा केंद्र का उद्घाटन कर दिया गया है कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जनपद सदस्य दिनेश्वर प्रधान ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान उमावती भगत सरपंच बुमतेल ने इस केंद्र को "जनहित और जनसहभागिता की नई पहल" बताते हुए कहा कि यह केंद्र आदिवासी समाज को आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण की दिशा में नई ऊर्जा प्रदान करेगा।





### विनोबा ऐप के माध्यम से स्कूलों में नवाचारी शिक्षा को दिया जा रहा प्रोत्साहन

## डाइट प्राचार्य ने पोस्ट ऑफ मन्थ शिक्षकों का किया सम्मान

**जशपुरनगर।** जिला कलेक्टर रोहित व्यास और मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में ओपन लिंक्स फाऊंडेशन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। यह कार्यक्रम जिले में जिला शिक्षा अधिकारी पीके भटनागर एवं शिक्षा विभाग के प्रभारी अधिकारी डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा के दिशा निर्देश और यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता के माध्यम से संचालित कराया जा रहा है।



उत्कृष्ट शिक्षण कार्य के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य एमजेडयू सिद्दीकी ने पोस्ट ऑफ मन्थ विजेता शिक्षकों एवं संकुल समन्वयक को प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया। इस संबंध में प्राचार्य सिद्दकी ने कहा विनोबा एप शिक्षकों के लिए सीखने और प्रेरणा के लिए बहुत अच्छा प्लेटफार्म है। सभी शिक्षकों को बधाई संदेश के साथ भविष्य में और बड़ी उपलब्धि के लिए प्रेरित किए। विनोबा के प्रोजेक्ट ऑफिसर सोमनाथ साहू ने बताया कि जिले के शिक्षकों द्वारा किये गए शिक्षकीय कार्यों जैसे बोलेगा बचपन एवं नवाचारी गतिविधियों को विनोबा ऐप्प में अपलोड किया जाता है। गतिविधियों के विश्लेषण के पश्चात उत्कृष्ट शिक्षण कार्य के लिए शिक्षकों को चयनित किया गया था। बोलेगा बचपन के अंतर्गत शासकीय विद्यालयों में कविता, कहानी वाचन और बच्चों के आत्मविश्वास स्तर को बढ़ाने का कार्य किया जाता है। इस क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया जाता है। उल्लेखनीय है कि विनोबा भावे की टीम जिले में शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए एफएलएन, जवाहर नवोदय, जेईई, नीट जैसे प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में सहयोग के साथ दैनिक उपस्थिति का डाटा कलेक्शन का कार्य यशस्वी जशपुर के समन्वय में कर रही है। इस कार्यक्रम के तारतम्य में विनोबा एप में जिले के समस्त शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का उपस्थित दर्ज किया जाता है एवं विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों को अपलोड किया जाता है।

इस अवसर पर जिला स्तरीय विजेता हुई प्राथमिक शाला जरिया के रजनी भिंजवार, प्राथमिक शाला बड़ेगमहारिया के सुनैना तिर्की, प्राथमिक शाला नदीडिपा के रीना रानी गोस्वामी, संकुल बागडोल के संकुल समन्वयक नीरज गुप्ता को उपहार वितरण कर सम्मानित किया गया।

### प्रधानमंत्री आवास योजना से आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को मिला पक्का घर

**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री आवास योजना ने देशभर में आवासहीन परिवारों के लिए नई उम्मीदें जगाई हैं। मनोरा विकासखंड के ग्राम पंचायत बुमतेल निवासी प्रदीप राम उरांव पिता श्रीराम जन योजना से लाभान्वित होकर अपने पक्के मकान के सपने को साकार कर रहे हैं। खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करने वाले प्रदीप का जीवन कच्चे घर में अनेक कठिनाइयों से गुजरता था।



बरसात के दिनों में छत से पानी टपकता था, हर वर्ष घर की मरम्मत करनी पड़ती थी और बच्चों की पढ़ाई में भी बाधाएं आती थीं। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत उन्हें 1.20 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई, जिसमें से अब तक दो किस्तों में 95 हजार रुपये की राशि प्राप्त हो चुकी है। शेष राशि मकान पूर्ण होने पर उपलब्ध होगी। वर्तमान में उनका पक्का घर निर्माणाधीन है और छत ढलाई का कार्य प्रगति पर है। यह आवास उनके परिवार के लिए एक स्थायी और सुरक्षित आश्रय साबित होगा। सिर्फ आवास ही नहीं, बल्कि शासन की अन्य योजनाओं का भी लाभ श्री प्रदीप को मिल रहा है। उन्हें राशन कार्ड के माध्यम से सस्ती दरों पर खाद्यान्न उपलब्ध हो रहा है और आयुष्मान भारत कार्ड के जरिए परिवार को स्वास्थ्य सुरक्षा प्राप्त है।

## खबर संक्षेप

### कश्यप कहार समाज की नई कार्यकारिणी गठित




**अंबिकापुर।** शहर के स्थानीय होटल में कश्यप कहार समाज की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में समाज के संरक्षकों ने सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया। पूर्व अध्यक्ष संतोष कश्यप के कार्यकाल की समाप्ति के पश्चात समाज की पूर्व कार्यकारिणी को भंग करते हुए अमरनाथ कश्यप को समाज का नया अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष पद के लिए प्रस्ताव वरिष्ठ सदस्य हरिशंकर कश्यप ने रखा, जिसका समर्थन सुनील कश्यप ने किया। साथ ही दीपक कश्यप को कोषाध्यक्ष एवं भंडारण की जिम्मेदारी सौंपी गई। नव नियुक्त अध्यक्ष अमरनाथ कश्यप ने जानकारी दी कि दशहरा पर्व के बाद समाज की पूर्ण कार्यकारिणी टीम की घोषणा की जाएगी। बैठक में श्याम कश्यप बेचैन, लखन कश्यप, प्रवीण सिंह, सुदामा कश्यप, भोला कश्यप, प्रकाश कश्यप, नरेंद्र कश्यप, अनिल कश्यप, अम्बरीष कश्यप, अमोघ कश्यप व अन्य मौजूद थे।

### अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित की गई खेल प्रतियोगिताएं



**शंकरगढ़।** अग्रसेन जयंती अग्रवाल समाज ने धूमधाम से मनाई जा रही है। अग्रवाल समाज द्वारा अग्रेशन जयंती के उपलक्ष में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों, महिलाओं, पुरुषों एवं बुजुर्गों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। कुर्सी दौड़, कैरम, लूडो ,चेस ,सिप ,गेंद से निशाना लगाओ, मटकी फोड़, चम्मच दौड़ सहित अन्य खेल का आयोजन किया गया। विजेताओं को शील्ड एवं अन्य पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान अग्रवाल सभा के अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, सचिव शुभम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पुष्कर अग्रवाल, उपाध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुभाष अग्रवाल, संरक्षक रोशनलाल अग्रवाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### रजत जयंती पर नगर पंचायत भटगांव में हुए विविध कार्यक्रम



**सोनगरा।** राज्य सरकार के रजत जयंती वर्ष के तहत आज नगर पंचायत भटगांव में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर पंचायत द्वारा चिन्हांकित स्थल पर नगर पंचायत अध्यक्ष परमेश्वरी रजवाड़े, जनप्रतिनिधि, मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश कुशवाहा, उप अभियंता नीतीश गुप्ता, स्वच्छता कर्मचारियों, गैर-सरकारी संगठनों, स्व-सहायता समूहों एवं नागरिकों ने पौधरोपण किया। साथ ही प्रमुख उद्यानों, बगीचों एवं वाटिकाओं में युवा संगठनों द्वारा स्वच्छता संदेश देते हुए श्रमदान कर साफ-सफाई की।

### विधायक के खिलाफ आपत्ति जनक टिप्पणी पर कार्यकर्ताओं ने की थाने में शिकायत



**सोनगरा।** विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया है। कार्यकर्ताओं ने धन सिंह धुर्वे नामक व्यक्ति के खिलाफ थाना भटगांव में शिकायत दर्ज कराते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी से की गई शिकायत में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि 17 सितंबर को जनपद पंचायत प्रतापपुर में धन सिंह धुर्वे ने बिना अनुमति के एक जनसभा आयोजित की। उन्होंने विधायक के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की। घटना के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जताते हुए कहा कि इससे उनके सम्मान को ठेस पहुंची है और वे खुद को अपमानित महसूस कर रहे हैं और दोषी के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की। इस दौरान मुकेश सिंह, गोपाल शरण सिंह, विकास तिवारी, प्रतीक जायसवाल, मीना श्रीवास्तव, धनेश्वर राजवाड़े, शुभम जायसवाल, बसंत यादव, सुनीता, धन्नजय सिंह, नागेंद्र सिंह, ओपी सिंह, कैलाश पैकरा, नारायण मजूमदार, रामस्वरूप सिंह, सलमान सिंह, शिवकुमार, जलंधर राजवाड़े, सुजीत मेहता, अशोक कुमार, रामनरेश, द्वारिका सिंह, कलेश्वर, शशिरंजन सिंह, शिवप्रसाद, अनिल, रोहित सिंह, विवेक सिंह, अमित सिंह, सुरेंद्र सिंह, रामसागर राजवाड़े, घमोत्री सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नाबालिग को भगाकर ले जाने व दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** थाना क्षेत्र की नाबालिग किशोरी को शादी का झांसा देकर भगा ले जाने एवं उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी राजेश कुर्रे पिता स्व. हंसलाल कुर्रे 22 वर्ष को बिश्रामपुर पुलिस ने जरही से पकड़कर उसे सूरजपुर न्यायालय पेश किया है,पुलिस ने बताया कि नाबालिग के अपहरण की सूचना पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपी की पता तलाश और नाबालिग के दस्तयाब के प्रयास में जुटी थी ,तभी दोनों के जरही में होने की सूचना पर दोनों को जरही से पकड़ पूछताछ के बाद आरोपी को सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है, वही नाबालिग युवती को परिजन के सुपुर्द किया गया है।

## अब मरम्मत के अभाव में जर्जर हो रही शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की दुकानें

# नगर पंचायत व्यावसायिक परिसर की 15 दुकानों का पौने पांच लाख रुपए किराया बकाया



व्यवसायिक परिसर स्थित नगर पंचायत की दुकानें।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

**खास बात**
- दस साल पूर्व हुआ था निर्माण

नगर पंचायत बिश्रामपुर द्वारा बस स्टैंड के उत्तर दिशा में वर्ष 2015-16 में निर्माण की गई व्यवसायिक परिसर की 15 दुकाने अब मरम्मत के अभाव में जर्जर हो रही हैं,उक्त व्यवसायिक परिसर की दुकानों के निर्माण करने का उद्देश्य नगर में व्यापार व रोजगार को बढ़ावा देने व राजस्व शुल्क की वृद्धि करना था।

यहां पर निर्माण पश्चात नीलामी प्रक्रिया से अलग अलग लोगों को अधिकतम बोली लगने पश्चात सफल लीजधारकों को दुकान आबंटित सन 2016-17 में कर दी गई,लेकिन समय गुजरने के साथ मेंटेनेंस के अभाव में कई दुकानों की छतों व दीवारों में बड़ी दरारें पड़ गई हैं एवं अब इनकी स्थिति दयनीय हो गई है। बारिश के मौसम में छतों से सीपेज़ होने लगती है जिससे बचने कई दूकान संचालकों द्वारा दुकानों की छत पर तिरपाल लगाकर काम चलाया जा रहा है,इसका मुख्य कारण नगर पंचायत प्रबंधन की सुस्त कार्यशैली व कार्य में लापरवाही बरतने को बताया जा रहा है।

### दुकान क्रमांक 6 एवं 9 का करीब सवा लाख रूपए किराया बाकी

नपं बिश्रामपुर से सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत मिली जानकारी अनुसार दुकान क्रमांक 6 का लीजधारक अनिल राय नामक व्यक्ति है इनका एक हजार रुपये प्रति माह के हिसाब से अप्रैल 2020 से किराया लंबित है जिसकी किराया वसूली की राशि अगस्त माह 2025 तक 64 हजार रुपये पहुंच चुकी है। इसी प्रकार दुकान दुकान क्रमांक 9 को सतपता निवासी दुर्गा यादव को लीज पर दी गई है। इन्होंने भी नगर पंचायत को अप्रैल 2021 से किराया भुगतान नहीं किया है जिसकी कुल बकाया किराया राशि 52 हजार रुपये पहुंच चुकी है। आबंटित हुए 15 दुकानों में से सिर्फ दो दुकानों की ही किराया वसूली राशि 1 लाख 16 हजार रुपए पहुंच चुकी है। हैरान कर देने वाली बात ये है कि अब तक दुकान खाली कराने या किराया वसूली करने की कार्यवाही करने हेतु कोई भी नोटिस नगर पंचायत प्रबंधन द्वारा सम्बंधित दुकानदारों को जारी कर तामिल नहीं कराया गया है जिससे कि नगर पंचायत प्रबंधन की बड़ी लापरवाही उजागर होती है।

नपं प्रबंधन द्वारा समय रहते न ही व्यवसायिक परिसर की मरम्मत कराई गई और न ही किराया वसूली करने में सक्रियता दिखाई गई। ऐसे में नगर प्रशासन को दोहरी आर्थिक क्षति पहुँच रही है,शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बिल्डिंग तो जर्जर हो ही गई है साथ ही दुकानदारों से कई लाख रुपये की किराया वसूली भी लंबित है।

### नाश्ता होटल संचालक द्वारा कोयला भट्टा बनाकर अनाबंटित दुकान में किया गया है अतिक्रमण



अनुबंध की शर्तों की अवहेलना करते हुए दुकान क्रमांक 9 स्थित यादव होटल के संचालक द्वारा दुकान के ठीक बगल में अनाबंटित दुकान क्रमांक 10 जिसमें से प्रथम तल जाने के लिए सीढ़ी बनी हुई है,उस गलीनुमा जगह में भी अतिक्रमण कर कोयला भट्टा जलाकर नाश्ता होटल संचालित किया जा रहा है। रोजाना कोयला भट्टा जलने के कारण उड़ते धुंए से अगल बगल की दीवारें पूरी तरह काली पड़ चुकी हैं एवं उसमें दरारें आ गई हैं, किरायानामा अनुबंध में दर्ज नियमों अनुसार अनुबंधकर्ता लीजधारक द्वारा कॉम्प्लेक्स के बरामदे समेत अन्य किसी जगह को बाधित नहीं करेगा,स्थल में किसी प्रकार का बिना अनुमति परिवर्तन नहीं करेगा,बिना अनुमति किसी प्रकार के परिवर्तन करने पर किराया दर दोगुना कर दिये जाने की बात लिखी गई है,जबकि अधिकतर शर्ते व नियमों का उल्लंघन करते हुए यादव होटल के संचालक द्वारा न्यूनतम पुराना निर्धारित किराया शुल्क को भी पिछले चार वर्षों के अधिक समय से जानबूझकर पटाया नहीं जा रहा है।

### विगत नौ वर्षों से नहीं बढ़ा किराया राशि का दर

नपं व्यवसायिक परिसर की दुकानों का हुए किरायानामा अनुबंध में दर्ज शर्ते अनुसार प्रथम चरण में 1 हजार रुपये प्रति माह किराया दर निर्धारित हूआ था,जिसे हर तीन साल में अनुबंध नवीनीकरण किया जाना था। इस नवीनीकरण अनुबंध में न्यूनतम 15 प्रतिशत वृद्धि के साथ किराया राशि दर बढ़ाकर निर्धारित की जानी थी लेकिन 9 वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी अब तक मात्र 1 हजार रुपये दुकान का किराया दर टिका हुआ है,जिस मामूली रकम को भी लापरवाह व हठी दुकानदार जानकर भी नहीं पटा रहे हैं। व्यवसायिक परिसर में कुछ ऐसे भी लीजधारक दुकानदार हैं जो किसी दूसरे व्यक्ति को किराये एग्रीमेंट में रखकर उनसे 8 से 10 हजार रुपये की राशि वसूल रहे हैं। अनुबंध में दर्ज नियम एवं शर्ते अनुसार किसी भी लीजधारक दुकानदार द्वारा लगातार दो माह का किराया राशि भुगतान नहीं कर पाने की स्थिति में नगर पंचायत प्रबंधन दुकान का आबंटन निरस्त कर किसी अन्य इच्छुक व्यक्ति को लीज पर देने के लिए स्वतन्त्र होगा,जिसका भी पालन नपं प्रबंधन द्वारा नहीं कराया जा सका है।

### की जाएगी विधिवत कार्रवाई

मामला संज्ञान में आया है। कई बार मौखिक रूप से लीजधारक दुकानदारों को किराया राशि जमा करने के लिए कहा गया है। सम्बंधित लोगों को नोटिस जारी कर विधिवत कार्यवाही की जाएगी। छत की मरम्मत के लिए दुकानदारों के साथ बैठक कर निर्णय लिया जायेगा।

-सुशील कुमार तिवारी
मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नपं बिश्रामपुर



## ऑडिटोरियम भवन में वरिष्ठ नागरिकों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

सेवा पखवाड़ा के तहत तिलसिवां स्थित ऑडिटोरियम भवन में प्रबुद्ध वर्ग संवाद एवं वरिष्ठ नागरिक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों, सेवानिवृत्त शिक्षकों व प्रबुद्धजनों का सम्मान कर सेवा भाव का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश से अवगत कराया गया, साथ ही जनसेवा भावना से प्रेरित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से सेवा पखवाड़ा की शुरुआत की गई है और 2 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधा लगाने की बात कही। प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते ने सेवा के भाव को सर्वोपरि बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की। कलेक्टर एस जयवर्धन ने बताया कि सेवा पखवाड़ा अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता, श्रमदान, नशा मुक्ति, बाल विवाह रोकने हेतु कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। अतिथियों द्वारा 7 वरिष्ठ नागरिकों, 21 सेवानिवृत्त शिक्षक व महिलाओं सहित लगभग 80 प्रबुद्धजनों को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान श्रीमती चंद्रमणी देवपाल सिंह पैकरा, स्वाती सिंह, श्रीमती परमेश्वरी राजवाड़े, शैलेष गोयल, मुरली मनोहर सोनी, शशिकांत गर्ग, अजय गोयल, राजेश महलवाला, अशोक सिंह, ललित गोयल, मुकेश गर्ग, संदीप अग्रवाल, संत सिंह, दीपक गुप्ता, शिव प्रसाद सिंह, थलेश्वर साहू, रितेश जायसवाल, संजू सोनी, अजय अग्रवाल, अरविंद मिश्रा, दीपेन्द्र सिंह चौहान, लालती सिंह, सत्यनारायण सिंह, राजेश्वर तिवारी, बांके बिहारी अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व नागरिक उपस्थित रहे।

### सालाना बोनस को लेकर मानकीकरण समिति की बैठक पर कोलकाता हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**बिश्रामपुर।** कोल इंडिया अंतर्गत आने वाले लाखों कोयला श्रमिकों की बोनस और वेतनमान से जुड़ी बहुप्रतीक्षित बैठक पर प्रश्न चिन्ह लग गया है,कोलकाता हाईकोर्ट ने मानकीकरण समिति की बैठक पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है,जिससे कोल इंडिया की विभिन्न सहायक कंपनियों में काम कर रहे 2 लाख 20 हजार श्रमिकों के बोनस पर संकट खड़ा हो गया है,गौरतलब है कि 22 सितंबर सोमवार को बोनस के मुद्दे पर मानकीकरण समिति की बैठक प्रस्तावित थी,जिसमें एचएमएस, बीएमएस,एटक,सीटू सहित तमाम प्रमुख यूनियनों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया था,लेकिन हाईकोर्ट के हस्तक्षेप से यह बैठक टल गई है,बताया गया कि पहले सिंगल बेंच ने इंटक से संबद्ध राष्ट्रीय खान मजदूर फेडरेशन को बैठक में शामिल करने का आदेश दिया था, कोल इंडिया ने इस फैसले को चुनौती देते हुए डबल बेंच में याचिका दायर की थी,जिस पर डबल बेंच ने सिंगल बेंच का आदेश बरकरार रखते हुए बैठक को स्थगित करने के निर्देश दिए हैं,इस रोक के बाद देशभर के 2.20 लाख श्रमिकों के बोनस भुगतान पर प्रश्नचिह्न लग गया है,यूनियन नेताओं का कहना है कि त्योहारी सीजन में मजदूरों को बोनस का बेसब्री से इंतजार रहता है। अदालत के फैसले में देरी का खामियाजा सीधे श्रमिक वर्ग को भुगतना पड़ेगा।

## दो बीट गार्ड की मनमानी से ग्रामीण परेशान, ग्राम सभा में दोनो को हटाने पारित किया गया प्रस्ताव

- विभाग के अधिकारी को सौंपा ज्ञापन, मांग पूरी नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी




**प्रतापपुर।** प्रतापपुर वन परिक्षेत्र के टुकुड़ाड़, मसगा, सोनपुर और पड़ीपा क्षेत्र में बीट गार्ड की मनमानी और वन विभाग की लापरवाही से परेशान ग्रामीणों ने ग्राम सभा में दोनों बीट गार्ड को हटाने प्रस्ताव पारित किया और विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग की है। मांग पूरी नही होने पर वन परिक्षेत्र कार्यालय के सामने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

ग्रामीणों का आरोप है कि पांच साल से लगातार एक ही स्थान पर बीट गार्ड नरेंद्र कुमार राजवाड़े और धीरेन्द्र सिंह डटे हुए है। बावजूद इसके विभाग चुप्पी साधे बैठा है। ग्रामीणों का आरोप है कि दोनों बीट गार्ड गांव के ही कुछ लोगों से मिलीभगत कर जंगल कटवा रहे हैं। लकड़ी बेचने से लेकर पकड़ी गई लकड़ी को रिश्वत लेकर छोड़ देने जैसे मामले आम हो गई हैं। इसके अलावा हाथी प्रभावित इलाकों में समय पर सूचना नहीं देना और जंगल किनारे पेड़ों की अवैध कटाई के बाद हुए अतिक्रमण पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जाती। इस संबंध में कई बार सरपंच के साथ गांव के लोगों द्वारा शिकायत की गई लेकिन आज तक किसी प्रकार कार्रवाई नही हो सकी। 31 अगस्त को आयोजित ग्राम सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से दोनों बीट गार्ड को तत्काल हटाने का प्रस्ताव पारित किया। साथ ही सत्यापित आवेदन के साथ वन विभाग को सौंप दी। इससे पहले भी 4 जून को शिकायत की गई थी, जिस पर रेंजर ने हटाने का आश्वासन दिया था। लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि 15 दिन के अंदर कार्रवाई नहीं हुई तो वन विभाग कार्यालय के सामने उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

### गन्ना किसानों की जीत बकाया राशि का भुगतान पूरा

**प्रतापपुर।** मां महामाया सहकारी शक्कर कारखाना केरता के 2024–25 पेराई सीजन की बकाया राशि का अब किसानों को प्राप्त हो गई है। यह सफलता किसानों की एकजुटता और संघर्ष का परिणाम है। गौरतलब है कि 25 अगस्त को जिला पंचायत सदस्य सुरेश आयाम के नेतृत्व में क्षेत्र के किसानों ने कारखाने के सामने उग्र धरना प्रदर्शन किया था। किसानों की मांग थी कि समय पर उनका भुगतान किया जाए। धरना के दौरान प्रशासन ने आश्वासन दिया था कि 20 दिनों के भीतर सभी किसानों का बकाया भुगतान कर दिया जाएगा। अब तय समय सीमा के भीतर ही किसानों के खातों में राशि पहुंचा दी गई है। भुगतान मिलने पर सुरेश आयाम ने कहा कि किसानों की एकजुटता ने ही यह जीत दिलाई है। अगर किसान संगठित होकर अपनी आवाज़ उठाते हैं तो किसी भी स्तर पर उनकी समस्याओं का समाधान संभव है।

## जिले के निजी स्कूलों में आरटीई कानून का दुरुपयोग, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संजय दोसी ने जिले में शिक्षा विभाग में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। साथ ही फर्जी स्कूलों और दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कांग्रेस शहर अध्यक्ष संजय दोसी ने बताया है कि शासन द्वारा बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा आरटीई कानून के तहत हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने का अधिकार दिया गया है, लेकिन जिले में इस कानून का पुरी तरह से दुरुपयोग हो रहा है। कांग्रेस कमेटी द्वारा किए गए भौतिक सत्यापन में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि जिले में करीब 35 स्कूल केवल कागजों पर संचालित हो रहे हैं। वहीं कई स्कूल ऐसे पाए गए हैं जहां केवल बोर्ड लगाकर एक ही कमरे में नाममात्र की पढ़ाई कराई जा रही है। निर्धारित मानकों का पालन न करते हुए भी इन स्कूलों को शासन से हर साल लाखों-करोड़ों की राशि मिल रही है। शहर अध्यक्ष संजय ढोसी ने बताया कि फर्जी नाम दर्ज कर विद्यार्थियों की संख्या बढ़ा-चढ़ाकर दिखाई जा रही है और इसी बहाने शासन की राशि का गबन किया जा रहा है। जो शिक्षा के अधिकार कानून की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जिले में संचालित सभी शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों की कड़ाई से जांच की जाए तथा फर्जी स्कूलों और दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने के दौरान विमलेश तिवारी, शक्ति ठाकुर, कुंदन विश्वकर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

### अयोध्या जायसवाल बने छग प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के संयुक्त सचिव



**सोनगरा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के नव नियुक्त प्रेदेश अध्यक्ष अनिल पांडेय ने संघ की राज्य स्तरीय टीम का गठन किया हैं। सूरजपुर जिला के अयोध्या जायसवाल को प्रदेश संयुक्त सचिव का दायित्व सौपा गया हैं। श्री जायसवाल ने संरक्षक ओपी शर्मा और प्रांताध्यक्ष अनिल पांडेय द्वारा दी गई जिम्मेदारी को निष्ठा, लगन से निभाने की बात कही। प्रदेश संगठन में फिर से जबाबदारी मिलने पर संभागीय अध्यक्ष श्यामाकांत तिवारी, जिला अध्यक्ष इन्द्रसेन विश्वकर्मा, विद्याचरण पटेल, नरेंद्र, मारुति नंदन, अमित चौरसिया, दलगर ,श्याम, दिनेश मिश्रा, देश राज गर्ग सहित समस्त जिला कार्यकारिणी ने अयोध्या जायसवाल का स्वागत किया गया।

## शहर की जर्जर सड़कों को लेकर सड़क सत्याग्रह ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- मुख्य सड़कों के कंक्रीटीकरण का दिया सुझाव, सांसद ने केन्द्रीय मंत्री को पत्र लिखने का दिया आश्वासन




शहर की जर्जर और गड्ढों में तब्दील सड़कों को लेकर सड़क सत्याग्रह समिति ने सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है। सड़क सत्याग्रह की टीम ने सांसद को डामरीकृत सड़क के स्थान पर कुछ विशेष मार्ग्रो में सीसी सड़क का निर्माण कराने का सुझाव देते हुए वर्तमान में जल्द से जल्द गड्ढों को भरने की मांग की है। सांसद ने भी सदस्यों को सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर वस्तुस्थिति से अवगत कराने और स्वयं मुलाकात करने का आश्वासन दिया है।

सड़क सत्याग्रह के संयोजक डाक्टर योगेंद्र सिंह गहरवार के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में स्पष्ट किया कि शहर से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने गड्ढों की तत्काल और टिकाऊ मरम्मत आवश्यक है। विशेषज्ञों से प्राप्त सुझाव के अनुसार गड्ढों को सीमेंट-गिट्टी मिश्रण से भरने पर मरम्मत दीर्घकालिक होगी और धूल की समस्या भी कम होगी। अनुमानित अतिरिक्त खर्च 10–20 लाख तक आएगा। शहर की मुख्य सड़कों का कंक्रीटीकरण समय की आवश्यकता है। डामर की सड़कों पर बार-बार होने वाली क्षति एवं ड्रेनेज समस्या विशेषकर दरिमा मोड़, पीजी कॉलेज से रावत रेजिडेंसी मार्ग, सदर रोड, देवीगंज रोड आदि को देखते हुए सांसद निधि तथा केंद्र से प्राप्त फंड का उपयोग कर प्रमुख सड़कों को कंक्रीट रोड में परिवर्तित करने का अनुरोध समिति ने किया है। समिति ने सांसद से आह्वान किया है कि यदि राज्य अथवा केंद्र सरकार द्वारा समय पर कार्रवाई नहीं की जाती है तो सांसद स्वयं जन आंदोलन का नेतृत्व कर जनता की इस महत्वपूर्ण मांग को उच्च स्तर तक पहुंचाएं। सड़क सत्याग्रह प्रतिनिधियों से चर्चा के बाद सांसद ने सड़क समस्या को गंभीरता से लेते हुए इस विषय पर तत्काल पहल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने अपने दिल्ली स्थित कार्यालय के प्रतिनिधि को राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़े लंबित प्रस्तावों को आगे बढ़ाने का कार्य सौंपा और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के स्थानीय अधिकारियों से चर्चा की। सांसद ने यह भी बताया कि दरिमा मोड़ से अग्रसेन चौक, सदर रोड, महामाया चौक, देवीगंज रोड होते हुए आंबेडकर चौक से रेलवे स्टेशन तक लगभग 13 किमी लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग को कंक्रीट सड़क बनाने हेतु वे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखेंगे और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से भी व्यक्तिगत मुलाकात करेंगे। इस दौरान सुजान बिंद, कृष्णानंद तिवारी, लव कुमार व अन्य उपस्थित रहे।

## कानून व्यवस्था एवं आमजनों की परेशानियों को लेकर महिला कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**बिश्रामपुर।** क्षेत्र की कानून व्यवस्था और आम नागरिकों की परेशानियों को लेकर अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव छन्दा श्री ने शनिवार को बिश्रामपुर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर त्वरित और सख्त कार्रवाई करने की मांग की है,बिश्रामपुर थाना प्रभारी को दिए ज्ञापन में महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव छंदा श्री द्वारा उल्लेख किया गया है कि हाल के दिनों में मोहल्लों और बाजारों में चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं,इससे लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है, रात के समय शराब पीकर वाहन चलाने की घटनाएं भी तेजी से बढ़ रही हैं।

इससे सड़क दुर्घटना बढ़ रही हैं और महिलाओं की सुरक्षा पर भी खतरा मंडरा रहा है,कई युवक रॉयल एनफील्ड बुलेट मोटरसाइकिल में अनाधिकृत तेज आवाज वाले साइलेंसर का उपयोग कर रहे हैं, जिससे ध्वनि प्रदूषण बढ़ रहा है और बुजुर्गों, बच्चों व बीमार लोगों को परेशानी हो रही है,भारी वाहनों की लापरवाह आवाजाही से सड़क सुरक्षा खतरे में है,स्कूली बच्चों और राहगीरों को सबसे अधिक जोखिम झेलना पड़ रहा है,महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव छन्दा श्री ने कहा कि उक्त समस्याएं रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित कर रही हैं, इससे महिलाओं और आम नागरिकों में नाराजगी है। महिला कांग्रेस ने मांग की है कि चोरी और लूट की घटनाओं में अंकुश लगना चाहिए,शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई हो,अवैध साइलेंसर लगाने वाले बाइकों को जब्त किया जाए,ओवरलोड ट्रकों की स्पीड और संचालन पर नियंत्रण हो,ज्ञापन सौंपने वालों में महिला कांग्रेस की मिनी साहू, ममता यादव, स्मिता कन्हर व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

### युवा कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

**राजपुर।** रायपुर खेल संचालनालय में सामग्री खरीदी में भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज प्रदर्शन करने वाले युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव भावेश शुक्ला सहित युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के पदाधिकारियों के खिलाफ अपराध दर्ज होने के मामले में नगर में युवा कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव नीरज तिवारी के नेतृत्व में राजपुर धर्मशाला चौक के पास विरोध जताया गया। इस दौरान सामरी विधानसभा उपाध्यक्ष पंकज यादव, पार्षद राहुल भारती, तेज प्रताप सिंह, एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष पंकज ठाकुर, आलोक सिंह, सरजू राम, रामजीत रवि, सुखी लाल, दीपक दास, आकाश, सुरेश एक्का, बादल, विजय, देवबली टेकाम, संतोष, विकाश सहित अन्य मौजूद थे।



# मोहनलाल ने की दृश्यम 3 की शुरुआत शूटिंग से पहले शेयर कीं पूजा की तस्वीरें

**मुंबई।** मलयालम अभिनेता मोहनलाल ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'दृश्यम 3' के प्रोडक्शन से पहले पूजा की है। उन्होंने इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर शेयर की हैं। पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने लिखा है 'जॉर्ज कुट्टी की दुनिया को एक बार फिर जीवंत करते हुए, आज पूजा के साथ 'दृश्यम 3' की शुरुआत हो रही है।' आपको बता दें कि 'दृश्यम 3' मलयालम फिल्म 'दृश्यम (2013)' की सीक्वल है। क्राइम थ्रिलर फिल्म 'दृश्यम' का निर्देशन जीतू जोसेफ ने किया था। इसमें मोहनलाल और मीना अहम किरदार में थे। फिल्म में आईजी गीता प्रभाकर का बेटा खो जाता है इसके बाद जॉर्ज कुट्टी (मोहनलाल) अपने परिवार को बचाने के लिए संघर्ष करते हैं।

## लाइफ Style

# भूमि




## फैंस को दी नवरात्रि की शुभकामनाएं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शारदीय नवरात्रि 22 सितंबर से शुरू हो चुकी है। माता रानी के इन नौ दिनों को माता के भक्त बड़ी ही आस्था और विश्वास के साथ मानते है। यह नौ दिन का त्योहार मां दुर्गा की पूजा के लिए समर्पित है।

पहला दिन मां शैलपुत्री को समर्पित है। यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और भारत की सांस्कृतिक परंपराओं को दर्शाता है। यह उत्सव 1 अक्टूबर तक चलेगा और 2 अक्टूबर को दशहरा के साथ समाप्त होगा। भूमि पेडनेकर ने सोमवार को नवरात्रि के पहले दिन अपने फैंस को इस खास दिन की शुभकामनाएं दीं और साथ ही मंदिर जाकर माता का आशीर्वाद लिया। भूमि ने कैप्शन में लिखा, 'नवरात्रि के पहले दिन, जम्मू स्थित पवित्र बावे वाली माता महाकाली दरबार से, मां काली का दिव्य आशीर्वाद आपके जीवन में शक्ति, ऊर्जा और नई सफलताएं लेकर आए।' प्रीति जिंटा ने सोमवार को नवरात्रि के शुभ अवसर पर इंस्टाग्राम पर अपनी एक खास तस्वीर शेयर की और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'सभी को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं। हमेशा प्यार और प्रकाश बना रहे। जय माता दी।' हेमा मालिनी ने सोमवार को नवरात्रि के इस शुभ अवसर पर अपने फैंस को बधाई दी और साथ ही दो खास तस्वीरें भी शेयर कीं। मशहूर अभिनेत्री हेमा मालिनी ने नवरात्रि के पावन पर्व पर अपने प्रशंसकों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक खूबसूरत कोलाज साझा किया, जिसमें एक तरफ मां दुर्गा की तस्वीर और दूसरी तरफ खुद का देवी दुर्गा के रूप में दिखाई दीं।

## हॉलीवुड मसाला



# शूटिंग के दौरान हो गए चोटिल

**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर में स्पाइडर-मैन के नाम से पहचान बना चुके हॉलीवुड स्टार टॉम हॉलैंड हाल ही में अपने नए प्रोजेक्ट 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे'की शूटिंग के दौरान चोटिल हो गए। इस हादसे के बाद न केवल फिल्म की शूटिंग रोकनी पड़ी, बल्कि उनके प्रशंसक भी काफी चिंता में पड़ गए। हालांकि राहत की बात यह है कि चोट गंभीर नहीं है और डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है। यह चोट प्रोडक्शन शेड्यूल को बहुत अधिक प्रभावित नहीं करेगी।



# एआई के जरिए दिखाना चाहते थे रैम्बो का किरदार

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन एक्टर और फिल्म निर्माता सिल्वेस्टर स्टेलोन को उनके बेहतरीन किरदार जॉन रैम्बो के लिए जाना जाता है। दशकों पहले से वह रैंम्बो फ्रेंचाइजी की फिल्मों में इस किरदार को निभाते आ रहे हैं। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया है कि वह एक बार फिर इस किरदार को निभाना चाहते थे। उनके मुताबिक इस किरदार की उम्र कम करने के लिए वह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल करना चाहते थे। सिल्वेस्टर स्टेलोन चाहते थे कि रैम्बो फ्रेंचाइजी की एक प्रीक्वल बने। इसमें वह एक 18 साल के लड़के का किरदार निभाना चाह रहे थे। इसके लिए वह एआई के जरिए किरदार की उम्र कम करना चाहते थे। हालांकि, यह आइडिया लोगों को पसंद नहीं आया। इस पर सिल्वेस्टर स्टेलोन ने वैराइटी से बातचीत में कहा 'सबको लगा कि मैं पागल हो गया हूं।



# बुराई को खत्म करने निकलीं शिवानी

**मुंबई।** शारदीय नवरात्रि के प्रारंभ के मौके पर रानी मुखर्जी की फिल्म 'मर्दानी 3' का नया पोस्टर सामने आया है। मेकर्स ने महिला केंद्रित रानी की इस फिल्म का नया पोस्टर जारी कर, फिल्म को लेकर फैंस का उत्साह और भी बढ़ा दिया है। यशराज फिल्म्स ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है। इस पोस्टर में एक हाथ बंदूक पकड़े नजर आ रहा है। पोस्टर में किसी का चेहरा तो नहीं दिख रहा है। लेकिन संभवतः ये हाथ रानी मुखर्जी का ही है। हाथ में रानी घड़ी, कलावा पहने हुए हैं। सामने दिल्ली पोलिस की बैरिकेडिंग लगी हुई है। इस पोस्टर को शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, 'नवरात्रि के शुभ दिन पर यहां बुराई पर अच्छाई की जीत का जश्न मनाया जाता है।



# कांतारा-1 में राजा और प्रजा में होगा युद्ध

**मुंबई।** ऋषभ शेट्टी की इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' का ट्रेलर सोमवार सामने आ गया है। 2 मिनट 56 सेकंड के इस ट्रेलर में ऋषभ शेट्टी और गुलशन देवैया के बीच जबरदस्त मुकाबला देखने को मिलता है। गुलशन इस बार विलेन के किरदार में नजर आए हैं, वो फिल्म में राजा बने हुए हैं। फिल्म में इस बार राजा और प्रजा के बीच के युद्ध को दिखाया जाएगा। ट्रेलर में दंत कथाओं और लोक कथाओं का जिक्र है, जो फिल्म का मूल भी है। ट्रेलर देखकर ये साफ पता चलता है कि फिल्म में जबरदस्त वीएफएक्स और विजुअल्स देखने को मिलेंगे। क्योंकि, ट्रेलर में ही कुछ सीन ऐसे हैं, जो आपके मुंह से वाह निकाल सकते हैं। ऋषभ शेट्टी द्वारा निर्देशित 'कंताराः चैप्टर 1' होम्बले फिल्म्स की सबसे बड़े प्रोजेक्ट में से एक है।

## टीवी मसाला



# राघवेंद्र से प्रभावित होकर बिग बी ने बांटे हेलमेट

**नई दिल्ली।** रिएलिटी गेम शो 'कौन बनेगा करोड़पति' के एक कंटेस्टेंट से दिग्गज एक्टर अमिताभ बच्चन इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने रविवार को अपने बंगले 'जलसा' के बाहर अपनी एक झलक पाने के लिए जमा हुए फैंस को हेलमेट बांटे। बिग बी हर रविवार को अपने मुंबई स्थित घर के सामने बड़ी संख्या में जमा होने वाले फैंस का अभिवादन स्वीकार करने घर से बाहर आते हैं। वो साल 1982 से ऐसा करते आ रहे हैं। उन्होंने 'हेलमेट मैन ऑफ इंडिया' के नाम से फेमस कंटेस्टेंट राघवेंद्र कुमार से प्रभावित होकर कुछ लोगों को हेलमेट भी बांटे। राघवेंद्र कुमार सड़कों पर बाइक सवारों की सुरक्षा के लिए उन्हें हेलमेट बांटने के लिए फेमस हैं। अमिताभ ने सोमवार को अपने 'एक्स' हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया। उन्होंने वीडियो के साथ लिखा, 'केबीसी में 'हेलमेट मैन' से मिलकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं... जो बाइक सवारों की सुरक्षा के लिए स्वेच्छा से हेलमेट देते हैं... मेरे लिए एक सीख... इसलिए मैंने रविवार को फैंस से मिलते समय उनका अनुसरण किया और जितने लोगों को हो सका, उन्हें डांडिया स्टिक और हेलमेट दिए... हर दिन एक सीख है।' राघवेंद्र कुमार ने पोस्ट का जवाब दिया और एक्टर के इस कदम को अपने जीवन का 'सबसे बड़ा अवॉर्ड' बताया। उन्होंने लिखा, 'आदरणीय बच्चन सर। आपके शब्द और आशीर्वाद मेरे जीवन का सबसे बड़ा अवॉर्ड हैं।

## बेघर होने के लिए ये कंटेस्टेंट्स हुए नॉमिनेट

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' अपने चौथे हफ्ते में पहुंच चुका है और हर एपिसोड में दर्शकों को नए ट्विस्ट और ड्रामे देखने को मिल रहे हैं। हाल ही में घर से बाहर किए गए नेहल चुदासमा का सफर भी खत्म होता दिखा था, लेकिन बिग बॉस ने हमेशा की तरह खेल को मोड़ दिया। उन्हें सीक्रेट रूम में भेज दिया गया है, जहां से वे घर की हर गतिविधि पर पैनी नजर रख रही हैं।



खास बात यह है कि बिग बॉस ने उन्हें नॉमिनेशन की खास ताकत दी है। यानी इस बार कौन-कौन से घरवाले बेघर होने की रेस में आएंगे, यह फैसला पूरी तरह नेहल के हाथों में रहा। , नेहल ने अपनी नई पावर का इस्तेमाल करते हुए इस हफ्ते जिन 6 कंटेस्टेंट्स को नॉमिनेट किया है, उनके नाम हैं- मृदुल तिवारी, आवेज दरबार, अशनूर कौर, नीलम गिरी, गौरव खन्ना और प्रणित मोरे। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि वीकेंड के वार पर सलमान खान किसे बाहर का रास्ता दिखाएंगे।

# अक्षय-सैफ की हैवान की शूटिंग की सामने आईं बीटीएस तस्वीरें

**मुंबई।** निर्देशक प्रियदर्शन अपनी नई फिल्म 'हैवान' की शूटिंग को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म की शूटिंग जारी है। इसमें अक्षय कुमार और सैफ अली खान अहम किरदार में हैं। दोनों 17 साल बाद फिर से साथ काम कर रहे हैं। फिल्म का प्रोडक्शन थेस्पियन फिल्म्स और केवीएन प्रोडक्शंस के तहत हो रहा है। फिल्म के सेट से बीटीएस तस्वीरें सामने आई हैं, जिससे फिल्म को लेकर चर्चा और बढ़ गई है। बताया जाता है कि रोमांचक थ्रिलर फिल्म 'हैवान' की शूटिंग लगभग 40 प्रतिशत पूरी हो चुकी है। इसकी शूटिंग कोच्चि, वागामोन और ऊटी में हुई है। फैंस अक्षय और सैफ की जोड़ी के पर्दे पर आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म में सैयामी खेर और श्रिया पिलगांवकर भी हैं। हाल ही में पिंकविला के साथ बातचीत में प्रियदर्शन ने बताया था कि 'अगर आप मुझसे हैवान के बारे में पूछ रहे हैं, तो मोहनलाल उस फिल्म में हैं। हालांकि, वह कौन सा किरदार निभा रहे हैं, इस पर मैं अभी कुछ नहीं कहना चाहता। जब भी मैं कोई फिल्म बनाता हूं, तो मुझे कहानी ही उत्साहित करती है। मैं कभी भी कलाकारों के बारे में नहीं सोचता।' प्रियदर्शन के निर्देशन में अक्षय कुमार और सैफ अली खान की जोड़ी वाली अपकमिंग फिल्म 'हैवान' बन रही है। यह फिल्म मोहनलाल की फिल्म 'ओप्पम (2016)' पर आधारित बताई जा रही है। 'हैवान' ने पहले ही सुर्खियां बटोर ली हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें समुथिरकानी, असरानी और ईनार हेराल्डसन भी नजर आएंगे।



# इन मशहूर गायकों ने गाए माता रानी के भजन

**नई दिल्ली।** नवरात्रि के पावन अवसर पर माता रानी यानी मां दुर्गा के भजन हर घर में गूंजते हैं। इन भजनों की मधुर धुनें भक्तों के दिल को छू लेती हैं और पूजा का माहौल और भी भक्तिमय बना देती हैं। आज हम बात करेंगे उन मशहूर भजनों की, जिन्होंने माता रानी की भक्ति को और भी शानदार बना दिया, जो आज भी करोड़ों लोगों की जुबान पर हैं।



### लखबीर सिंह लक्खा

लखबीर सिंह लक्खा भजन गायन के दुनिया के सबसे बड़े नामों में से एक हैं। इन्हें 'भक्ति गीतों का सम्राट' कहा जाता है। लखबीर ने माता रानी के कई सुपरहिट भजन गाए हैं, जो नवरात्रि के बिना अधूरे से लगते हैं। इनके भजनों ने रिकॉर्ड तोड़े हैं, क्योंकि ये गाने लाखों-करोड़ों बार सुने गए हैं। प्रसिद्ध भजन- 'मंग के साथ यो दिल मरजानी', 'मैया का चोला लाल रंग का' और 'रानी काली का चली कौन संग'

### नरेंद्र चंचल

नरेंद्र चंचल एक ऐसे गायक थे, जिनकी आवाज में माता रानी की शक्ति झलकती है। नरेंद्र ने 500 से ज्यादा भजन रिकॉर्ड किए हैं। उनके गाने इतने पॉपुलर हैं कि उन्होंने एल्बम बिक्री के रिकॉर्ड तोड़े। उन्होंने भक्ति संगीत को पॉपुलर बनाया और कई रिकॉर्ड भजन दिए। प्रसिद्ध भजन- मेरा आपकी कृपा का प्याला, ओ जंगल के राजा और तेरे भाग्य के चमकेंगे। ये भजन नवरात्रि में हर जगह बजते हैं और भक्तों को झूमने पर मजबूर कर देते हैं।

### गुलशन कुमार

गुलशन कुमार भजन गायन के साथ-साथ टिप्स इंडस्ट्री के संस्थापक भी रहे। उन्होंने माता रानी के भजनों को घर-घर पहुंचाया। उनकी आवाज सादगी भरी है, जो सीधे दिल तक जाती है। प्रसिद्ध भजन- दुर्गा है मेरी मां और जय माता दी जैसे भजन हिट है। ये भजन नवरात्रि को स्पेशल बनाते हैं।

### अनुराधा पौडवाल

अनुराधा पौडवाल एक प्रसिद्ध भारतीय गायिका हैं, जो भक्ति संगीत की दुनिया में अपनी मधुर और भावपूर्ण आवाज के लिए जानी जाती हैं। आज तक सैकड़ों भक्ति गीतों को अपनी आवाज दी है। उनके भजन नवरात्रि, दुर्गा पूजा, राम नवमी जैसे त्योहारों में बहुत लोकप्रिय हैं। अनुराधा जी ने कई एल्बम, फिल्मों और टीवी शो के लिए भजन गाए हैं, जैसे श्रद्धा की ज्योति, ऊं जय अम्बे गौरी और जय मां अम्बे जगदंबे।

## एक्शन-कॉमेडी से लेकर सस्पेंस-रोमांस का मजा उठा पाएंगे दर्शक

# इस हफ्ते ओटीटी पर मिलेगा एंटरटेनमेंट का भरपूर डोज

*नई दिल्ली। ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर हमेशा की ही तरह इस हफ्ते भी दर्शकों के लिए एंटरटेनमेंट की भरमार होने वाली है। इस पूरे हफ्ते कई नई फिल्में और वेब सीरीज, शोज रिलीज होने वाले हैं। इस सप्ताह की रिलीज में थ्रिलर, ड्रामा, रियलिटी शो और कॉमेडी की भरमार है, जो हर उम्र और रुचि के दर्शकों को आकर्षित कर सकती हैं।*



**धड़क 2:** साल 2018 की फिल्म धड़क का आध्यात्मिक सीक्वल है और तमिल फिल्म 'पारियेरुम पेरुमल' की रीमेक है। यह फिल्म भोपाल के बैकड्रॉप में नीलेश और विधि की प्रेम कहानी को दर्शाती है, जिसमें जातिगत भेदभाव और सामाजिक चुनौती पर ध्यान केंद्रित किया गया है। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर 26 सितंबर से देखने के लिए उपलब्ध होगी।

**हृदयपूर्वम :** हृदयपूर्वम में संदीप नाम का एक धनी व्यवसायी और हृदय प्रत्यारोपण प्राप्त व्यक्ति की कहानी दिखाई गई है। पुणे में रुकने के दौरान वो हरीथा के परिवार के करीब आता है और रिश्तों की नई परिभाषा सीखता है। यह फिल्म जियोहॉटस्टार पर 26 सितंबर से ओटीटी प्ले प्रीमियम सब्सक्रिप्शन पर उपलब्ध होगी।

**रिएलिटी रानीज ऑफ द जंगल :** इस बार शो का सेट जंगली जंगल से तटवर्ती क्षेत्र में बदल गया है। वरुण सूद द्वारा होस्ट किया गया यह शो महिला कंटेस्टेंट्स की साहसिक और चुनौतीपूर्ण प्रतिस्पर्धा को दिखाता है। इसमें सारा गुरपाल, साम्युक्ता हेगड़े और राखी सावंत जैसी कंटेस्टेंट्स शामिल हैं। ये शो 22 सितंबर से डिस्कवरी प्लस पर देखने को मिल रहा है।

**बिग बॉस कन्नड़ सीजन 12 :** किच्चा सुदीप की मेजबानी में बिग बॉस कन्नड़ का यह सीजन कई रोमांचक ट्विस्ट और ड्रामे लेकर आता है। अरविंद रथान, गिली नाटा और समीर एमडी जैसे कंटेस्टेंट्स इसमें भाग ले रहे हैं। यह शो 28 सितंबर से जियोहॉटस्टार पर उपलब्ध होगा।

**सिक्सर सीजन 2 :** सिक्सर सीजन 2 में निक्कू की कहानी बताई गई है, जो एक पूर्व स्ट्रिट क्रिकेट प्रोडिजी था। इस सीजन में दोस्ती, प्रतिस्पर्धा और व्यक्तिगत विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया है। एमएक्स प्लेयर पर यह सीरीज 24 सितंबर से स्ट्रीम की जाएगी।

**सन ऑफ सरदार 2 :** अजय देवगन की फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' में जसी अपनी पूर्व पत्नी डिंपल को मनाने के लिए स्कॉटलैंड जाता है। फिल्म में पारिवारिक कॉमेडीऔर रोमांच का मिश्रण है। नेटफ्लिक्स पर यह फिल्म 26 सितंबर से उपलब्ध होगी।

**द फ्रेंड :** 'द फ्रेंड' इरिस नाम के लेखक और उनके 150 पाउंड के डॉग अपोलो के बीच विकसित हो रहे रिश्तों की कहानी है। यह फिल्म दोस्ती, व्यक्तिगत विकास और भावनात्मक संघर्ष को उजागर करती है। यह जियोहॉटस्टार पर 28 सितंबर से उपलब्ध होगी।

**टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल :** टू मच एक अनस्क्रिप्टेड चैट शो है जिसमें बॉलीवुड सितारे सलमान खान, आलिया भट्ट, करण जौहर और विक्की कौशल जैसे सेलेब्स काजोल और ट्विंकल खन्ना के शो का हिस्सा बनेंगे। इसमें दर्शकों को सितारों के निजी अनुभवों और मनोरंजक चर्चाओं का अनुभव मिलता है। प्राइम वीडियो पर यह शो 25 सितंबर से देखा जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### मेहमान प्रवक्ता के लिए 3 तक कर सकते हैं आवेदन

**रायगढ़।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ अंतर्गत आईटीआई धरमजयगढ़ में व्यवसाय कोपा मेहमान प्रवक्ता के एक रिक्त पद के लिए 3 अक्टूबर सायं 5 बजे तक आवेदन आमंत्रित किए गए है। इच्छुक उम्मीदवार नियत तिथि एवं समय पर आवेदन भेज सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ के सूचना पटल में अवलोकन कर सकते है।

### स्पीच थेरेपिस्ट पद के लिए 29 तक मंगाए गए आवेदन

**रायगढ।** रायगढ़ जिले में समावेशी शिक्षा अंतर्गत स्वीकृत स्पीच थेरेपिस्ट के रिक्त पद के लिए एक भी पात्र आवेदक नहीं मिलने के कारण स्पीच थेरेपिस्ट पद के लिए योग्य पात्र उम्मीद्वार से 29 सितम्बर 2025 तक पुनः आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे है। इच्छुक आवेदक नियत तिथि तक जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायगढ़ में रजिस्टर डाक से आवेदन भेज सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। विस्तृत जानकारी रायगढ़ जिले के वेबसाईट में देखा जा सकता है।

### रिक्त पदों पर पात्र अपात्र सूची जारी

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में समावेशी शिक्षा अंतर्गत वार्षिक कार्ययोजना में स्वीकृत रिक्त पद स्पीच थेरेपिस्ट हेल्पर आया एवं स्पेशल एजुकेटर पद पर भर्ती के लिए पात्र आवेदकों से आवेदन पत्र 25 अगस्त तक आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदन पत्रों के परीक्षण कर पात्र अपात्र सूची जारी करते हुए अपात्रता का कारण भी उल्लेख किया गया है। विस्तृत जानकारी के लिए रायगढ़ जिले के वेबसाईट में देखा जा सकता है। पात्र अपात्र के संबंध में किसी भी आवेदक को कोई आपत्ति हो तो वे 26 सितम्बर तक कार्यालयीन समय में जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायगढ़ में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

### ओल चिकी लिपि का होगा शताब्दी समारोह

**राउरकेला।** राउरकेला में ओल चिकी लिपि और संथाली भाषा विजय दिवस का भव्य शताब्दी समारोह 21 से 23 दिसंबर तक आयोजित होने जा रहा है। इस संदर्भ में पूर्व केंद्रीय मंत्री दिलीप राय ने भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए आमंत्रित किया है। देशभर से गणमान्य अतिथियों और सांस्कृतिक नेताओं के शामिल होने की संभावना है और कई प्रतिष्ठित हस्तियों को आमंत्रण भेजा गया है। वर्ष 2025 ओल चिकी लिपि के 100 वर्ष पूरे होने का प्रतीक है। यह लिपि गुरु गोमके पंडित रघुनाथ मुर्मू की अनूठी रचना है, जिसने संथाली समाज को एक लिखित स्वरूप प्रदान किया, उनकी मौखिक परंपराओं को संरक्षित किया और सांस्कृतिक पहचान को सशक्त किया। आयोजकों का कहना है कि यह मील का पत्थर सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रीय महत्व दोनों का प्रतीक है जो दृढ़ता, मान्यता और सशक्तिकरण का संदेश देता है। एक स्वागत समिति का गठन किया गया है।

### पेज 1 का शेष

विधायक समेत ...

विकसित करने हेतु योजना निर्माण करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि आदि कर्मयोगी योजनांतर्गत ग्राम स्तर पर योजना निर्माण के बाद जनपद पंचायत एवं जिला स्तर पर ग्राम विकास योजना का निर्माण होगा। इसके बाद इन योजनाओं का आगामी ग्राम सभा में अनुमोदन कराकर उसके अनुसार ग्रामों में विकास कार्य किए जाएंगे।

### फिट इंडिया और नशा मुक्त भारत का संदेश देते रायगढ़ ने लगाई दौड़

# जिंदगी में हार-जीत से ज्यादा महत्वपूर्ण है अपनी पूरी क्षमता से खेलना: ओपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ में आत्मनिर्भर भारत फिट इंडिया और नशा मुक्त भारत का संदेश देते हुए मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ चौक से मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया, राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह, महापौर जीवर्धन चौहान उपस्थित रहे। यह मैराथन दौड़ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ चौक से होते हुए गांधी चौक, सुभाष चौक, रामनिवास टॉकीज चौक, शहीद चौक से हेमू कालानी चौक होते हुए कमला नेहरू उद्यान में समाप्त हुई। यह कार्यक्रम सेवा पखवाड़ा 2025 के तहत आयोजित किया गया।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने मैराथन दौड़ के विजेताओं को बधाई देते हुए अपने संबोधन में कहा कि जीत हार से ज्यादा महत्वपूर्ण अपनी पूरी क्षमता और खेल भावना से प्रतियोगिता में हिस्सा लेना है। यह आदर्श हमारी जिंदगी में भी उतना ही प्रासंगिक है। हमारे लगन और समर्पण के साथ किया गया प्रयास ही सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने प्रतियोगिता में प्रथम दस स्थान पर आने वाले बालक और बालिका वर्ग के प्रतिभागियों को स्वेच्छानुदान मद से 5-5 हजार रूपए देने की घोषणा की।
वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कुशल नेतृत्व से आज भारत को वैश्विक मानचित्र में स्थापित करने का काम किया है। उनके मार्गदर्शन में किए जा रहे कार्यों से देश ने प्रगति के कई सोपान तय किए हैं। 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक यह सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।
वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि राज्य गठन के समय छत्तीसगढ़ में एक भी राष्ट्रीय स्तर की संस्था नहीं थी। किन्तु आज आईआईटी, आईआईएम, ट्रिपलआईटी, एनआईटी, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी जैसी देश की लगभग सभी प्रमुख संस्थाएं यहां संचालित हैं। पिछले डेढ़ साल में छत्तीसगढ़ में 3 राष्ट्रीय स्तर कि संस्थाओं की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हुआ है। जिनमें नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टी टेक्नोलॉजी, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी तथा नेशनल फोरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटीज शामिल है।

उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अनुकूल वातावरण देने रायपुर कलेक्टर रहते नालंदा परिसर की आधारशिला रखी थी। आज वहां 3 हजार छात्र प्रवेशित हैं और लगभग उतने ही छात्र प्रतीक्षा सूची में है। रायगढ़ के छात्रों के सुदृढ़ भविष्य के लिए यहां मरीन ड्राइव में 40 करोड़ की लागत से नालंदा परिसर का निर्माण तेजी से हो रहा है। खेल सुविधाओं को नया आयाम देने लोहरसिंह में 105 करोड़ की लागत से स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण की स्वीकृति मिली है। इसका लाभ पूरे जिले के खिलाडिय़ों को मिलेगा। पुसौर और महापल्ली में भी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्टेडियम का निर्माण होगा। रायगढ़ स्टेडियम में उपलब्ध खेल सुविधाओं का उन्नयन किया जा रहा है। अग्निवीर भर्ती की लिखित परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों के फिजिकल टेस्ट की तैयारी की सुविधा उर्दना पुलिस लाइन में प्रदान की जाती है। यहां प्रतिभागियों को पौष्टिक आहार के साथ फिजिकल ट्रेनिंग भी दी जाती है इसके लिए उन्हें आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाती है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा रायगढ़ में नव गुरुकुल संस्था का शुभारंभ किया गया है। यहां बालिकाओं एवं युवतियों को आज के बदलते दौर की आवश्यकता के हिसाब से जरूरी ट्रेनिंग प्रदान किया जा रहा है। जिससे वे आईटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में भी रोजगार हासिल कर सके। रायगढ़ में प्रयास आवासीय संस्था का संचालन किया जा रहा है। यहां प्रवेश लेने वाले छात्रों को आईआईटी और नीट जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी कराई जाती है। संस्था का संचालन प्रारंभ हो चुका है तथा 50 करोड़ में इसका नया भवन बनने वाला है।

लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने कहा कि 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक हम सेवा पखवाड़ा मना रहे हैं। जिसके तहत यह मैराथन दौड़ का आयोजन आज रायगढ़ में आयोजित हुआ। इसका उद्देश्य युवाओं को जीवन में सकारात्मकता के साथ आगे बढने के लिए फिट इंडिया और नशामुक्त भारत का संदेश देना है। महापौर जीवर्धन चौहान ने कहा कि यह नमो मैराथन दौड़ युवाओं के प्रयास और सहभागिता से संपन्न हुआ है। युवा देश में भविष्य हैं। कार्यक्रम में सभापति डिग्रीलाल साहू, अरुणधर दीवान, उमेश अग्रवाल, विजय अग्रवाल, सत्यानंद राठिया, जगन्नाथ पाणिग्रही, विवेक रंजन सिन्हा, विकास केडिया, पवन शर्मा, श्रीमती पूनम सोलंकी, दिबेश सोलंकी, रमेश बेहरा, पावन अग्रवाल, अरूण कातोरे, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, डीएफओ अरविंद पीएम, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय, एसडीएम महेश शर्मा, उप संचालक समाज कल्याण शिवशंकर पांडेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी, शहरवासी और खेलप्रेमी उपस्थित रहे।






### विजेताओं को दिए गए पुरस्कार

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने नमो मैराथन दौड़ के समापन में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इनमें पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान पर मनोज कुमार यादवए द्वितीय भोजराम साहू एवं तृतीय स्थान पर सुनील कुमार साहू रहे। इसी तरह महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर सोना चौहान, द्वितीय संगीता यादव एवं तृतीय स्थान पर धनकुवर सिदार रही। प्रथम आने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को 5100 रूपए द्वितीय को 3100 रुपए एवं तृतीय स्थान पर रहे प्रतिभागियों को 2100 रुपए दिए गए। इसी तरह बालक और बालिका वर्ग से प्रथम दस स्थानों पर आने वाले प्रतिभागियों को वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने 5-5 हजार रूपए देने की घोषणा की।

# रिवाइज्ड पेंशन के लिए अभी और करना पड़ेगा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा



एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र के बरौद कालरी के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को तीन वर्ष बाद भी रिवाइज्ड पेंशन के लिए चप्पलें घिसनी पड़ रही है। यही नही कोयला कंपनी के महाप्रबंधक अनिरुद्ध सिंह के गैर जिम्मेदाराना बयान से मजदूर नेताओँ का पारा चढ़ा हुआ है। अब वे इस लड़ाई को सड़क तक ले जाने की तैयारी में हैं, उन्होंने कंपनी प्रबंधन को 15 दिनों का समय दिया है, बात नही बनी तो उग्र आंदोलन की तैयारी है।

दरअसल दो दिन पहले इंटक और एटक के मजदूर नेता गनपत चौहान एवं आलम खान ने रिटायर्ड कर्मचारियों के लंबित रिवाइज्ड पेंशन के मामले को लेकर एसईसीएल के रायगढ़ क्षेत्र के महा प्रबंधक से मिलकर प्रकरण में ठोस कार्रवाई का आश्वासन चाहते थे, ऐसा नहीं हुआ य उल्टे उन्हें कहा गया कि जाइए आंदोलन करिए रिवाइज्ड पेंशन के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा। अधिकारी के इस गैरजिम्मेदाराना स्टेटमेंट से क्षुब्ध मजदूर नेताओं ने एक पखवाड़े के अंदर रिटायर्ड कर्मचारियों को न्याय नही मिलने पर आंदोलन का अल्टीमेटम दिया है। उल्लेखनीय है कि कोयला कंपनी के रायगढ़ क्षेत्र के बरौद कालरी में गत 2021 से सेवानिवृत्त हो चुके कर्मचारियों ने अपने जीवन का सर्वणीम काल कम्पनी की सेवा में व्यतीत किया और सेवानिवृत्त होने के बाद दूध में मक्खी की तरह उन्हें मौजूदा प्रबंधन निकाल कर फेंक दिया उन्होंने कंपनी में धूप बारिश और ठंड को नजर अंदाज कर खुली खान परियोजना बरौद कालरी उपक्षेत्र में सेवाएं दी आज तीन वर्षो के बाद भी 20 सेवानिवृत्त सदस्यों का रिवाईज्ड पेंशन एनसीडब्ल्यू.गप दावा प्रकरण का निपटारा कोयला खान भविष्य निधि संगठन क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर व एसईसीएल प्रबंधन रायगढ़ और बरौद कालरी प्रबंधन के मध्य मामला अटकी हुई है गत वेतन समझौता के तहत सेवानिवृत्त कोयला कर्मचारियों की बढ़ी हुई वेतन अंतराल का फैसला लेने में जिम्मेदार अधिकारियों का तीन साल का समय लग गया इस बीच पेंशन की बढ़ी हुई दर का बाट जोहते जोहते तीन सदस्यों की मौत भी हो चुकी है शेष बचे सदस्यों में अनेकों लोग शारीरिक और मानसिक रूप से बढ़े हुए पेंशन का बाट जोहते जोहते जिसकी आंखे पथरा सी गई है और मानसिक रूप से बीमारी ने उन्हें घेर रखा है यह शर्मशार करने वाली वाक्या एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र के खुली खदान परियोजना बरौद कालरी की है। बरौद कालरी से सेवानिवृत्त हुए कोयला कर्मचारियों में इंजीनियर, फोरमेन, फीटर, आपरेटर, लिपिक जैसे पदों में रहते हुए कम्पनी की सेवाएं देते हुए उत्पादन उत्पादकता और कोयला संप्रेषण के दौरान जिन्होंने कठोर परिश्रम किया अब वे सेवानिवृत्त हो चुके हैं कोई 2021 से है तो कोई 2023 की तिथि में इन तीन चार वर्षो में 20 सदस्यों का हिसाब किताब और वह भी पेंशन का रिवाईज्ड नहीं किया जाना आश्चर्य का विषय है। पांच महीनों से चल रही है प्रबंधन व कोयला खान भविष्य निधि संगठन क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर के मध्य पत्राचार पर कोई ठोस निर्णय अभी तक नहीं लिया जा सका है अब 20 सदस्यों की बढ़ी हुई पेंशन दर की राशि कब तक नहीं दी जाएगी।

**खास बात**

- कंपनी प्रबंधन को 15 दिनों का समय दिया है

# बिलाईगढ़ नगर वासियों ने बस स्टैंड में बस स्टॉपेज की मांग की

**सरसीवा।** सरसीवा बिलाईगढ़ रायपुर से रायगढ़ जाने वाली बसों की बिलाईगढ़ बस स्टैंड में स्टॉपेज की मांग बिलाईगढ़ वासी बहुत अर्से से कर रहे हैं पर आज तक कोई अधिकारी वह जिम्मेदार व्यक्तियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया जिससे नगर वासीयो में तथा बिलाईगढ़ के आसपास के गांव के लोगों में अति रोष व्याप्त है तथा बिलाईगढ़ से बाहर पढ़ने वाले बच्चों को बहुत कठिनाइयों का रोज सामना करना पड़ता है जो बिलाईगढ़ के विकास में यह बस स्टैंड बहुत बड़े रोढ़ा है। बिलाईगढ़ व्यापारिक संघ के अध्यक्ष से बात करने पर इस समस्या का दर्द फुटा तथा बोले अगर प्रशासन जल्द से जल्द इसपर ध्यान नहीं दिए तो पूरी बिलाईगढ़वासी रोड को चक्का जाम करके रायपुर से सारंगढ़ रायगढ़ चलने वाली सभी गाड़ियों का पहिया जाम कर देंगे। बिलाईगढ़ बस स्टैंड से रायपुर और रायगढ़ की ओर जाने के लिए 4 किलोमीटर पवनी मोड उधर 4 किलोमीटर दुम्हानी मोड जाने के लिए यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है बिलाईगढ़ से आगे धनसीर व सलिहा से लगे सैकड़ो गांव गांव आते हैं जो रोज सुबह सैकड़ो लोगों की संख्या में बिलाईगढ़ और बस स्टैंड से बस बैठकर रायपुर जाना है बिलासपुर जाना है रायगढ़ जाना है पर बिलाईगढ़ बस स्टैंड में आकर वो मायूस सा हो जाते हैं उन्हें गंतव्य स्थान में जाने के लिए अभी भी 4 किलोमीटर पैदल दुम्हानी मोड जाना पड़ता है। इस सन्दर्भ मे पूर्व विधायक चंद्रदेव राय से उनके कार्यकाल के रहते अनेकों बार विनती की गई पर आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला वो बोले इस मंत्री से बात हो गई है उसे मंत्री से बात हो गई है कलेक्टर साहब से बात हो गई है पर आज तक इस समस्या का कोई हल नहीं निकल पाया है इस समस्या के समाधान के लिए शासन और प्रशासन से विनम्र निवेदन है कि इस समस्या का जल्द से जल्द निराकरण करके बिलाईगढ़ वासियों को इस समस्या से निजात दिलाएं बिलाईगढ़ वासियों की धैर्य की परीक्षा ना लें इससे गंभीर परिणाम हो सकते हैं।



### बाढ़ आपदा पर मॉक ड्रिल का आयोजन कल

**रायगढ़।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ राज्य आपदा प्राधिकरण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण रायगढ़ के सयुंक्त तत्वाधान में 25 सितम्बर दिन गुरूवार को प्रातः 10 बजे से ग्राम चंघोरी एवं सिंगपुरी तहसील पुसौर जिला रायगढ़ में बाढ़ आपदा पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। संयुक्त कलेक्टर प्रभारी अधिकारी राहत एवं आपदा प्रबंधन शाखा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मॉक ड्रिल आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने तथा जनता को जागरूक करने के उदेश्य से आयोजित किया जा रहा है। यह केवल एक प्रशिक्षण प्रक्रिया है इसमें किसी प्रकार की घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने नागरिकों से कहा कि अभ्यास के दौरान शांति बनाए रखे।

# अग्रसेन जयंती पर विधायक अमर ने किया पुरस्कार वितरण

**खरसिया।** नगर में अग्रसेन जयंती महोत्सव के कार्यक्रम बहुत उत्साह और उमंग के साथ चल रहे है विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमे अग्र समाज के लोग बढ़चढ़कर भाग लिए।

अग्रसेन जयंती समारोह समिति के अध्यक्ष सुनील गर्ग के नेतृत्व में इस बार भी जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल कल रविवार को हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर बने विजेताओं को पुरुस्कृत करने पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर शामिल हुए। विधायक अमर अग्रवाल ने बताया खरसिया नगर का गौरवशाली इतिहास रहा है सेंट्रल इंडिया में दो कस्बे सबसे धनाढ्य हुआ करते थे जिसमें एक तुमसर और दुसरा खरसिया हुआ करता था, खरसिया की सामाजिक एकता की मिसाल लोग देते थे समाज के लोग भले ही अलग अलग राजनीति दल से रहे हो परंतु समाज के ऊपर कभी संकट आया तो राजनीति से परे उठकर महाराजा अग्रसेन के छत्रिय धर्म का पालन करते हुए आये सभी संकटो को दूर किया, समाज के लोग अपने पुरुषार्थ के दम पर देश भर में धर्मशालाएं, तालाब, कुंआ, हॉस्पिटल, स्कूल आदि चीजो का निर्माण करवाया। कमल गर्ग ने कहां खरसिया की पहचान को पूरे प्रदेश में अगर किसी ने दिलाई है तो वो लखीराम अग्रवाल ने दिलाई है आज इनके सुपुत्र अमर अग्रवाल हमारे बीच उपस्थित है ये पूर्व सरकार के सबसे सफलतम मंत्री थे और अभी बिलासपुर से विधायक है में पूरे नगर की ओर से इनका स्वागत करता हूँ अभिनंदन करता हूँ, जयंती के माध्यम से समाज के युवाओं को सामाजिक एकता की प्रेरणा मिलती है भगवान अग्रसेन जी की प्रेरणा की बदौलत से ही हमारा अग्र समाज प्रथम पंक्ति में खड़ा है। अमर अग्रवाल व कमल गर्ग का जन्मदिन होने से दोनो ने केक काटा उपस्थित सभी लोगों ने बधाई देकर दीर्घायु जीवन की कामना की।




# निगम की कार्यप्रणाली को लेकर युकां ने आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



**रायगढ़।** नगर निगम रायगढ़ की कार्यप्रणाली और निर्माण कार्यों में अनियमितता को लेकर सोमवार को युवा कांग्रेस मोर्चा खोल दिया। उनके द्वारा निगम परिसर में प्रदर्शन करते हुए आयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया है। संगठन ने यह आरोप लगाया है कि निगम में लगातार निर्माण और विकास कार्यों में अनियमितता बढ़ रही है, जिससे शहरवासी परेशान हैं। युवा कांग्रेसियों ने आरोप लगाया कि नगर निगम द्वारा किए जा रहे सड़क, नाली, पुल पुलिया, सोलर लाइट और अन्य निर्माण कार्यों में अनियमितता सामने आई है। करोड़ों रुपए खर्च करने के बावजूद शहर में जर्जर सड़कों और अधूरे निर्माण कार्यों की भरमार है। इतना ही नहीं निर्माण कार्यों और सामग्री की गुणवत्ता बेहद खराब है। करोड़ों की लागत से बनाए गए प्रोजेक्ट्स कुछ ही महीनों में टूट जा रहे हैं। इसके अलावा विभागीय स्तर पर टेंडर प्रक्रिया में अनियमितता बरती जा रही है। नियमों का पालन किए बिना मनमाने तरीके से कार्य आवंटित किए जा रहे हैं। शहर की कई सड़कें लंबे समय से जर्जर पड़ी हैं। इनकी मरम्मत और रखरखाव की जिम्मेदारी निगम पर है , लेकिन आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। मुख्य मार्गों से लेकर छोटे-छोटे रास्तों तक पर अतिक्रमण फैल चुका है। नगर निगम की लापरवाही से यातायात बाधित हो रहा है और आम लोगों को रोजाना परेशानी उठानी पड़ रही है। भवन निर्माण अनुज्ञा बिल्डिंग परमिशन देने में भी गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया गया।

# मां बंजारी धाम तराईमाल में शारदीय नवरात्र पर दीप प्रज्जवलन

**तमनार।** रायगढ़ जिले के प्रसिद्ध सर्वशक्तिपीठ माँ बंजारी धाम तराईमाल में 22 सितंबर सोमवार को माँ बंजारी मन्दिर समिति अध्यक्ष कलेक्टर के दिशा निर्देश में एसडीएम, तहसीलदार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी, समिति सदस्यगणों, यज्ञाचार्य, पंडित यजमान सैकड़ो श्रद्धालु भक्तगणो की उपस्थिति में शारदीय नवरात्र पर्व 70 वीं मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलन विधि विधान के साथ प्रारम्भ किया गया। शारदीय नवरात्र पर्व मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री, बंजारी माई की पूजा अर्चना कर मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलन प्रारम्भ में विधायक विद्यावती कुंजबिहारी सिदार, मानस वक्ता गोकुलानन्द पटनायक माँ बंजारी मन्दिर समिति सदस्य पंचराम मालाकार, घनश्याम मालाकार सहित मन्दिर समिति सदस्य कार्यकर्ता औद्योगिक प्रबंधन प्रतिनिधि सेवक सैकड़ो श्रद्धालुओं द्वारा दीप प्रज्वलन प्रारम्भ किया गया। माँ बंजारी धाम में सभी भक्तजनो के लिए पूजा अर्चना एहर दिन भोजन भंडारा प्रसाद, पानी पार्किंग की बेहतर व्यवस्था की गई है।



# लोहा चोरी करने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** पूंजीपथरा पुलिस ने संगठित लोहा चोरी गिरोह का पर्दाफाश कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गए लोहे का प्लेट बरामद कर उन्हें जेल भेज दिया है। चोरी को लेकर बेजोन इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड चिराईपाली के एचआर सुशांत कुमार पण्डा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि प्लांट नंबर 4 में एसएमएस कार्य के लिए रखे गए लोहे के कटिंग प्लेट में से 25 नग लोहा, जिनकी कीमत लगभग एक लाख रुपए है को 17 सितंबर की रात एक बजे से चार बजे के बीच अज्ञात चोरों ने प्लांट की दीवार कूदकर चोरी कर लिया। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया। थाना प्रभारी राकेश मिश्रा ने मुखबिरों को सक्रिय किया और टीम लगाकर आरोपियों की पतासाजी शुरू की। मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर लाखा निवासी दीपक मांझी, रोहन चौहान, अक्षय चौहान, मुकेश चौहान और ग्राम पाली निवासी नित्यानंद सिदार को हिरासत में लिया गया।







